SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
Class Notes

SUBJECT: HINDI

CLASS -6 **Ls.- १० संसार एक पुस्तक**

Prepared By: DEEPIKA MEHRA **Given date -**

Prepared date -

शब्दार्थ :

- अकसर - प्रायः
- खत - पत्र
- आबाद - बसा हुआ
- गौर से - ध्यान से
- जर्रा - कण
- दामन–तलहटी
- खुरदरा-जिसकी सतह चिकनी न हो
- घरौंदा-बच्चों द्वारा बनाया मिट्टी का छोटा-सा घर

प्रश्नोत्तर :

प्रश्न –१) लेखक ने 'प्रकृति के अक्षर' किन्हें कहा है?

उत्तर- लेखक ने प्रकृति के अक्षर चट्टानों के टुकड़े, वृक्षों, पहाड़ों, नदियों, समुद्र, जानवरों की हड्डियाँ आदि को कहा है।

प्रश्न –२) लाखों–करोड़ों वर्ष पहले हमारी धरती कैसी थी?

उत्तर– लाखों करोड़ों वर्ष पहले हमारी धरती बहुत गर्म थी और उस पर कोई जानदार चीज नहीं रह सकती थी। इसी कारण उस समय धरती पर मनुष्यों का अस्तित्व नहीं था। धीरे–धीरे उसमें परिवर्तन होते गए और धरती में जानवरों और पौधे का जन्म हुआ।

प्रश्न –३) दुनिया का पुराना हाल किन चीज़ों से जाना जाता है? उनके कुछ नाम लिखो।

उत्तर– दुनिया का पुराना हाल चट्टानों के टुकड़े, वृक्षों, पहाड़ों, सितारे, नदियों, समुद्र, जानवरों की हड्डियों आदि चीज़ों से जाना जाता है।

प्रश्न-४) गोल चमकीला रोड़ा अपनी क्या कहानी बताता है?

उत्तर- गोल चमकीला रोड़ा अपनी कहानी बताते हुए कहता है कि वह कभी एक चट्टान का हिस्सा था। एक दिन पहाड़ों से बहते हुए पानी ने उसे बहाकर घाटी में भेज दिया। वहाँ से आगे एक पहाड़ी नाले ने उसे आगे धकेलकर दरिया में पहुँचा दिया। इसी प्रकार अपनी इस यात्रा में घिसते-घिसते वह चमकदार रोड़ा बन गया।

प्रश्न-५) गोल चमकीले रोड़े को यदि दरिया और आगे ले जाता तो क्या होता? विस्तार से उत्तर लिखो।

उत्तर- गोल चमकीले रोड़े को यदि दरिया और आगे ले जाता तो वह छोटा होते-होते अंत में बालू का एक जर्रा हो जाता और समुद्र के किनारे अपने भाइयों से जा मिलता, जहाँ एक सुंदर बालू का किनारा बन जाता, जिसपर छोटे-छोटे बच्चे खेलते और बालू के घरौंदे बनाते।

प्रश्न-६) नेहरू जी ने इस बात का हलका-सा संकेत दिया है कि दुनिया कैसे शुरू हुई होगी। उन्होंने क्या बताया है? पाठ के आधार पर लिखो।

उत्तर- नेहरूजी ने दुनिया कैसे शुरू हुई के बारे में बताया है कि धरती लाखों करोड़ों वर्ष पुरानी है और बहुत दिनों तक इसमें कोई आदमी न था। आदमियों के पहले सिर्फ़ जानवर थे और जानवरों से पहले एक ऐसा समय था जब यह धरती बेहद गर्म थी और इस पर कोई जानदार चीज नहीं रह सकती थी।

भाषा की बात:

१) इस बीच वह दरिया में लुढ़कता रहा।' नीचे लिखी क्रियाएँ पढ़ों। क्या इनमें और 'लुढ़कना' में तुम्हें कोई समानता नजर आती है?

ढकेलना, सरकना, खिसकना

इन चारों क्रियाओं का अंतर समझाने के लिए इनसे वाक्य बनाओ।

उत्तर:- ढकेलना - इतना भारी पत्थर ढकेलना तो मुश्किल है।

सरकना - आदत न होने के कारण नई दुल्हन का घूँघट सरकने लगा।

खिसकना - बॉस के आने से पहले ही रोहन ऑफिस से खिसक लिया।

चमकीला रोड़ा प्रत्यय जोड़ने पर बना है। 'ईला' संज्ञा में 'चमक' यहाँ रेखांकित विशेषण -

२) निम्नलिखित शब्दों में यही प्रत्यय जोड़कर विशेषण बनाओ और इनके साथ उपयुक्त संज्ञाएँ लिखो -

पत्थरजहर। ,रस ,काँटा ,

उत्तर-:

शब्द- विशेषण संज्ञा शब्द

पत्थर- पथरीला रास्ता

काँटा- कँटीला मार्ग

रस- रसीला फल

जहर- जहरीला शरबत